# 2021

## HINDI — HONOURS

**Paper : CC-9**

**(Hindi Upanyas)**

**Full Marks : 65**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**1.** निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'चन्द्रहार आभूषण' का जिक्र किस उपन्यास में आया है तथा इसके लेखक कौन हैं?

(ख) 'यह कौन जानता था कि डोली से उतरते ही यह विपत्ति तुम्हारा स्वागत करेगी।' वक्ता और श्रोता के नाम लिखिए।

(ग) 'त्यागपत्र' उपन्यास के दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(घ) 'गबन' उपन्यास के किन्हीं दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(ङ) 'मानसिंह तोमर' किस उपन्यास के पात्र हैं? इस उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष बताइए।

(च) वृंदावन लाल वर्मा किस प्रकार के उपन्यास लेखन के लिए जाने जाते हैं तथा उन्हें भारत सरकार द्वारा किस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया?

(छ) 'मानस का हंस' उपन्यास किसकी जीवन-कथा पर आधारित है तथा यह उपन्यास किस वर्ष प्रकाशित हुआ?

(ज) मैना कहारिन तथा बतासो किस उपन्यास के पात्र हैं तथा उसके लेखक कौन हैं?

(झ) 'सच पूछा जाए तो बड़ा न आदमी होता है, न घटना। यह तो बस, मौके-मौके की बात होती है।' ये पंक्तियाँ किस उपन्यास से उद्धृत हैं तथा इसके लेखक कौन हैं?

(ञ) बिंदा और रुक्मा किस उपन्यास के पात्र हैं तथा इनका आपस में क्या संबंध है?

**2.** निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

"जब तक गले में जुआ नहीं पड़ा है, तभी तक फुलेलें हैं। जुआ पड़ा और सारा नशा हिरण हुआ। निकम्मों को राह पर लाने का इससे बढ़कर और कोई उपाय ही नहीं"

*अथवा,*

"गांधी-नेहरू को देश एक क्षण के लिए भी नहीं भूलता। चप्पे-चप्पे में वे आपको विराजमान मिलेंगे, चाहे निर्जीव तसवीरों के रूप में ही सही।"

(ख) स्त्री विमर्श की दृष्टि से 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

*अथवा,*

'मृगनयनी' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता प्रतिपादित कीजिए।

(ग) 'मानस का हंस' उपन्यास में तुलसीदास के आंतरिक और बाहरी संघर्ष को कैसे दर्शाया गया है? स्पष्ट कीजिए।

*अथवा,*

आपके अनुसार 'महाभोज' उपन्यास का सबसे महत्त्वपूर्ण पात्र कौन है? तर्कसगत उत्तर लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) रमानाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास में प्रमोद द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के कारणों पर विचार कीजिए।

(ग) 'मृगनयनी' उपन्यास की ऐतिहासिकता पर एक-टिप्पणी लिखिए।

(घ) 'मानस का हंस' उपन्यास के प्रमुख स्त्री पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ङ) 'महाभोज' उपन्यास में बिसु की हत्या के कारणों पर विचार कीजिए।